भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +2096
सोमवार, 8 मार्च, 2021/17 फाल्गुन, 1942 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन स्थल के रूप में भारत को आगे बढ़ाना

+2096. श्री गजानन कीर्तिकार:
श्री सी.एन. अन्नादुरई:
श्री धनुष एम. कुमार:
श्री गौतम सिगामणि पोन:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान अधिक से अधिक संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करने वाले राज्यों के नाम क्या हैं;

(ख) क्या भारत सरकार का पर्यटन विभाग अपने विदेश स्थित कार्यालयों के माध्यम से विदेशों में पर्यटन प्रोत्साहन कार्यकलापों का आयोजन करता है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान कितनी प्रगति हुई है;

(ग) क्या सरकार ने विदेशों में स्थित अपने केंद्रों एवं कार्यालयों के माध्यम से भारत को विश्व स्तर के एक पर्यटन स्थल के रूप में आगे बढ़ाया है तथा यदि हां, तो विदेश में स्थित उक्त कार्यालयों/केंद्रों का ब्यौरा क्या है तथा गत तीन वर्षों के दौरान उक्त प्रत्येक कार्यालय/केंद्र द्वारा व्यय की गई राशि का वर्ष-वार एवं कार्यालय-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या केंद्र सरकार द्वारा कार्यान्वित की गई योजनाएं विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने में सफल रही हैं तथा यदि हां, तो पर्यटन क्षेत्र को उक्त योजनाओं से क्या लाभ हुआ है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क): राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर पर्यटन मंत्रालय 1 वर्ष के अंतराल पर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में घरेलू तथा विदेशी पर्यटक दौरों से संबंधित वार्षिक आंकड़े तैयार करता है इसलिए वर्ष 2020 के आंकड़े अभी तक तैयार नहीं हुए हैं। तथापि वर्ष 2017 से 2019 तक जिन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में सर्वाधिक विदेशी पर्यटक दौरे हुए हैं उनका विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र का नाम
2017	तमिल नाडु
2018	तमिल नाडु
2019	महाराष्ट्र

(ख) और (ग): पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार अपने बीजिंग, दुबई, फ्रैंकफर्ट, लंदन, न्यूयॉर्क, सिंगापुर, टोक्यो तथा पेरिस (जो मॉस्को में स्थानांतरित होने वाला है) में स्थित मौजूदा 8 भारत पर्यटन कार्यालयों के माध्यम से पर्यटन संबंधी संवर्धनात्मक कार्यकलाप करता है जिनमें प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, ऑनलाइन तथा आउटडोर मीडिया में विज्ञापन, अंतर्राष्ट्रीय मेले एवं प्रदर्शनी में भागीदारी, भारत को जाने संगोष्ठी का आयोजन, कार्यशाला, रोड शो तथा इंडिया इवनिंग, ब्रोशर संबंधी सहायता, यात्रा एजेंटों/टूर ऑपरेटरों के साथ संयुक्त रूप से विज्ञापन, भारतीय खाद्य एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन एवं उन्हें सहायता प्रदान करना, ब्रॉशर का प्रकाशन और देश में पर्यटन के संवर्धन के लिए पर्यटन मंत्रालय के आतिथ्य कार्यक्रम के अंतर्गत भारत की यात्रा के लिए टूर ऑपरेटरों, मीडिया हस्तियों, ओपिनियन मेकर्स आदि को आमंत्रित करना शामिल है।

विदेशी कार्यालयों/ केंद्रों का विवरण और पिछले 3 वर्षों में ऐसे प्रत्येक कार्यालय में व्यय की गई राशि का वर्ष-वार तथा कार्यालय-वार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(घ): पर्यटन मंत्रालय विदेशों में संवर्धन एवं प्रचार (ओपीपी) योजना के अंतर्गत विदेशी बाजारों में भारत के पर्यटन उत्पादों एवं गंतव्यों की मौजूदगी को बढ़ाने तथा अन्य प्रतिस्पर्धी गंतव्यों की तुलना में भारत का संवर्धन एक वरीयता प्राप्त पर्यटक गंतव्य के रूप में करने के उद्देश्य से भारत का प्रचार करता है।

विदेशी बाजारों से भारत में पर्यटन के सतत संवर्धन के कारण विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) तथा विदेशी मुद्रा आय (एफईई) में निरंतर वृद्धि हो रही है। वर्ष 2017, 2018 और 2019 में भारत में विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) तथा पर्यटन के माध्यम से प्राप्त विदेशी मुद्रा आय (एफईई) का विवरण निम्नलिखित है :

वर्ष	एफटीए (मिलियन में)	एफईई (करोड़ रु. में)
2017	10.04 (14.0%)	177874 (15.4%)
2018	10.56 (5.2%)	194881 (9.6%)
2019	10.93 (3.5%)	211661 (8.6%)

ब्रैकेट में दिए गए आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में वार्षिक वृद्धि दर्शाते हैं।

*****

अनुबंध

पर्यटन स्थल के रूप में भारत को आगे बढ़ाने के संबंध में दिनांक 08.03.2021 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. +2096 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में **विवरण**

मौजूदा विदेशी कार्यालयों का नाम और पिछले 3 वर्षों में संवर्धनात्मक कार्यकलापों के लिए व्यय की गई राशि का कार्यालय वार विवरण नीचे दिया गया है :

भारतपर्यटन कार्यालय का नाम	वर्ष	राशि
बीजिंग	2017-18	210.84 लाख रु.
	2018-19	240.76 लाख रु.
	2019-20	345.92 लाख रु.
दुबई	2017-18	597.59 लाख रु.
	2018-19	747.68 लाख रु.
	2019-20	522.68 लाख रु.
फ्रैंकफर्ट	2017-18	1597.68 लाख रु.
	2018-19	2899.17 लाख रु.
	2019-20	2210.00 लाख रु.
लंदन	2017-18	1178.30 लाख रु.
	2018-19	1436.34 लाख रु.
	2019-20	1128.50 लाख रु.
न्यूयार्क	2017-18	467.29 लाख रु.
	2018-19	2137.35 लाख रु.
	2019-20	1339.09 लाख रु.
पेरिस (मॉस्को में शिफ्ट किया जाना है)	2017-18	949.43 लाख रु.
	2018-19	351.92 लाख रु.
	2019-20	676.72 लाख रु.
सिंगापुर	2017-18	622.75 लाख रु.
	2018-19	1009.81 लाख रु.
	2019-20	1155.98 लाख रु.
टोक्यो	2017-18	472.72 लाख रु.
	2018-19	524.54 लाख रु.
	2019-20	623.16 लाख रु.

*****